तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

काव्य मंजरी
Kavya Manjari

केन्द्रीय विद्यालय संगठन * Kendriya Vidyalaya Sangathan

काव्य मंजरी

भाग-18

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

काव्य मंजरी, भाग-18

शिक्षक दिवस-2024 के उपलक्ष्य में प्रकाशित केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शिक्षकों एवं कार्मिकों द्वारा रचित कविताओं का संकलन

संरक्षक: निधि पाण्डे, आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन
संपादक: डॉ. पी. देवकुमार, संयुक्त आयुक्त (शै.), के.वि.सं. (मु)
संपादकीय प्रभारी: सचिन राठौर, सहायक संपादक, केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु)
आवरण पृष्ठ: श्रृंखला साहू, टी.जी.टी. (कला) पीएमश्री के.वि. जनकपुरी, दिल्ली

संदेश

'काव्य मंजरी' के 18वें अंक के प्रकाशन पर मेरी शुभकामनाएं। यह संकलन मात्र कविताओं का संग्रह नहीं है, बल्कि इसमें संगठन से जुड़े शिक्षकों एवं कार्मिकों की भावनाओं, विचारों व संवेदनाओं की एक विशिष्ट झलक है, जो इस पुस्तक के माध्यम से अभिव्यक्त हुई हैं। साथ ही, यह केन्द्रीय विद्यालय संगठन का एक प्रयास है, जहां पर हम राजभाषा के प्रयोग से अपने कर्मचारियों में सृजनात्मकता को भी बढ़ावा देते हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के विशाल परिवार में, जहां 13 लाख से अधिक विद्यार्थी और 50 हज़ार से अधिक कार्मिक सम्मिलित हैं, वहां शिक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव है, जिसे हम सभी मिलकर निरंतर महसूस करते हैं। केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने सदैव से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट मानक स्थापित करने का प्रयत्न किया है, साथ ही भारतीय साहित्य, कला और संस्कृति को भी समृद्ध करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शिक्षकों की रचनात्मकता को प्रेरित करने में संगठन की यह पहल 'काव्य मंजरी' के रूप में प्रतिवर्ष साकार होती है, जो हमारी साहित्यिक परंपराओं को संजोने का एक लघु प्रयास है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस अंक में प्रकाशित कविताएं पाठकों को अवश्य पसंद आएंगी। केन्द्रीय विद्यालय संगठन के इस रचनात्मक प्रयास में कविता लेखन, पृष्ठ सज्जा और संकलन से जुड़े सभी कार्य हमारे कर्मचारियों द्वारा किये गए हैं। उनकी सृजनशीलता हमें गौरवान्वित करती है। मैं इस संकलन को साकार करने वाले सभी रचनाकारों, संपादक मंडल, और चयनकर्ताओं को हार्दिक धन्यवाद और शुभकामनाएं देती हूं। साथ ही, यह आशा करती हूं कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन में सृजनात्मकता और साहित्यिक गतिविधियों का यह प्रवाह अनवरत जारी रहेगा।

मंगल कामनाओं सहित,

निधि पाण्डे

निधि पाण्डे
आयुक्त

अनुक्रम

क्र.सं./S.No.	शीर्षक/Title	पृ./Pg.
1	चाहिए ऐसा भारत	1
2	एक दीपक विश्वास का	2
3	जीवन और धैर्य	3
4	क्षमा	4
5	जहाँ चाह, वहाँ राह	5
6	ये जरूरी तो नहीं	6
7	केन्द्रीय विद्यालय है सक्षम	7
8	मैं श्रमिक हूँ	8
9	हिंदी	9
10	कृषक	10
11	एक और स्वरुप- प्रकृति	11
12	दीपक	12
13	माटी तेरे रंग हजार	13
14	हीरक जयंती गीत	14
15	आज़ादी का अमृत महोत्सव	15
16	वृक्ष की व्यथा	16
17	बच्चे हैं देश का भविष्य	17
18	स्वर्ण युग की शुरुआत	18
19	शिक्षा ही जीवन है	19
20	मन के भोले-भाले बच्चे	20
21	नारी तेरा सफर	21

क्र.सं./S.No.	शीर्षक/Title	पृ./Pg.
22	स्वरूप	22
23	कन्या- भ्रूण हत्या	23
24	अनकहे एहसास	24
25	शिक्षा और संघर्ष	25
26	वह नारी है	26
27	निर्भया: एक खोज	27
28	माँ	29
29	बचपन की कहानी	30
30	मन कहता है	31
31	हर बच्चे की इच्छा	32
32	बचपन	33
33	तू बढ़ता चल	34
34	नया संकल्प	35
35	पीढ़ी अंतराल	36
36	विद्यार्थी और शिक्षक	37
37	केन्द्रीय विद्यालय संगठन	38
38	परीक्षा पर चर्चा	39
39	वैज्ञानिक खोजगाथा	40
40	ज्ञान का दीप	41
41	योग	42
42	ऐसा भारत चाहिए	43
43	जब भी स्कूल खुलता हैं	44

क्र.सं./S.No.	शीर्षक/Title	पृ./Pg.
44	सत्यपथ	45
45	नारी	46
46	अपना केन्द्रीय विद्यालय	47
47	एक महाप्रश्न और हल	48
48	जीवन हर पल	49
49	पीएम श्री योजना का स्वागत	50
50	ईमान है, तो है सब कुछ	51
51	चिन्तन की सरगम	52
52	टूटकर आकाश में	53
53	कल भी सूरज निकलेगा	54
54	यह पल गुजरेगा, गुजरना ही है	55
55	क्यों ना जीत जाऊँ, मैं हर बार	56
56	कुछ काम अमर कर जाना साथी	57
57	मेरी बेटी मेरा अभिमान	58
58	संवेदना से भरा: संवेदना से शून्य	59
59	दादी मां	60
60	अनूठा नारियल	61
61	हार से न हार मान	62
62	दीपक का संदेश	63
63	प्रेरणा	64
64	शब्दों की ताकत	65
65	क्रोध	66

क्र.सं./S.No.	शीर्षक/Title	पृ./Pg.
66	मुस्कुराते रहिए	67
67	कर्तव्य गान	68
68	मेहनत का फल	69
69	स्त्री का नौकरी करना	70
70	रिश्तों के इंद्रधनुष	71
71	महिमा तेरी निराली	72
72	A soul free of sins	73
73	Concept of happiness	74
74	The Wall Lizard	76
75	Healing Nature	77
76	Echoes of Learning: A Tribute to KVS	78
77	Viksit Bharat: A Vision Of Glory	79
78	You call me a Teacher	80
79	And I thought it was just a job	81
80	A teacher of the millennia	82
81	Skin	83
82	Garden of my heart	84
83	Keep it clean	85
84	Where light prevails	86
85	Hope	87
86	A Child in Rags	88
87	Be the one...	89

क्र.सं./S.No.	शीर्षक/Title	पृ./Pg.
88	My Teaching Philosophy	90
89	Youth Power (Youngistan)	91
90	Spring: An Anthem	92
91	Garden of my life	93
92	A Door to destiny	94
93	Modern Halls of knowledge	95
94	Mending Away	96
95	My KVS My Pride	97
96	Whisper of dawn	98
97	To kill a Girl child	99
98	Let it go	100
99	My bird is flying high	101
100	Education's gift	102
101	Guardian of Pearl	103
102	Three decades in KVS-the acme point	104
103	World is within	105
104	Positive Mindset	106

1

चाहिए ऐसा भारत

जहां हों सब समान सिर्फ कागजों में नहीं सोच में,
मिले सबको सम्मान समान निकले जब खोज में।
चाहिए ऐसा भारत...

जहां प्रगति हो पर अपनों को गिराकर नहीं।
बड़ों का अनुभव साथ हो, हो उन पर आघात नहीं।
युवाओं का साथ हो और जाए उनका वक्त बेकार नहीं।
छोटों को प्यार मिले, बने उनका बचपन दुश्वार नहीं।
चाहिए ऐसा भारत...

जहां हो तिरंगा हर दिल में, देश प्रेम हो हर मन में।
खुशियों का सावन हो, हो नारी का सम्मान हर आंगन में।
सभ्यता-संस्कृति फले-फूले, हो जिम्मेदार सभ्य नागरिक जहां।
भारत मां के सच्चे सपूत पैदा हों, हर दिन मने त्यौहार जहां।
चाहिए ऐसा भारत...

गिरते को उठाने वाले लोग साथ हों, मुश्किलों में थामने को एक हाथ हो।
आतंक के खून से ना सने भारत मां का दामन, खिलता मुस्कुराता हो हर आंगन।
भय रहित हो हर बचपन, पथ भ्रष्ट न हो देश का यौवन।
हर बचपन को मिले सुरक्षित पोषण, युवाओं को मिले अच्छा निर्देशन।
चाहिए ऐसा भारत...

जिसकी मिट्टी की सौंधी खुशबू में किसान हर्षाए।
जहां तिरंगा शान से आसमान में लहराए।
जहां दुनिया के नक्शे में भारत का नाम जगमगाए।
जहां हर जन शान से जन गण मन गाए।
चाहिए ऐसा भारत...

ज्योति
टी.जी.टी. (गणित)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कोल्लम

2

एक दीपक विश्वास का

एक दीपक विश्वास का, तुम शिक्षा के द्वार पर जला देना।
होगा असीम प्रकाश फिर, तुम लक्ष्य पथ अपना पा लेना।।
एक दीपक विश्वास का...

शिक्षा के पहरेदार तुम्हारा, हर पग पर ज्ञान बढ़ाएंगे।
ज्ञान की गंगा में तुमको, वो गोते नित लगवाएंगे।।
बस थाम के उंगली चल देना और मंजिल अपनी पा लेना
एक दीपक विश्वास का...

वो द्रोणाचार्य की भूमिका, बखूबी ही निभाएंगे।
घिस कर ज्ञान की कसौटी पर, तुम्हें हीरे सा चमकाएंगे।।
तुम बनके एकलव्य उनके, बस चरणों में शीश नवा देना
एक दीपक विश्वास का...

विश्वास के दम पर है दुनिया, विश्वास है जीवन का आधार।
ये गिरते हुए को थाम ले, ये पत्थर में भी भर दे प्यार।।
तुम बनके दीपक की ज्योति, प्रकाश पुंज फैला देना

एक दीपक विश्वास का, तुम शिक्षा के द्वार पर जला देना।
होगा असीम प्रकाश फिर, तुम लक्ष्य पथ अपना पा लेना।।

शंकर दास मेहता
पी.जी.टी. (गणित)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय चेनानी

3

जीवन और धैर्य

जब चारों तरफ निराशा हो, जीवन में कोई न आशा हो,
बस धैर्य बनाए रखना तुम, नित आगे बढ़ते रहना तुम।

रुकना नहीं, झुकना नहीं, बस दृढ़संकल्प बनाए रखना तुम,
यह जीवन का बस एक चक्र है, जो प्रतिपल चलता रहता है,
बस धैर्य बनाए रखना तुम, नित आगे बढ़ते रहना तुम।

जैसे रात के बाद, दिन आता है, चाँद के बाद सूरज आता है,
जीवन में सुख-दुख का चक्र भी, ऐसे ही चलता रहता है,
बस धैर्य बनाए रखना तुम, नित आगे बढ़ते रहना तुम।

तुम भूल न जाना अपना वादा, होना मत अधीर ज्यादा,
मन में एक विश्वास का दीपक, सदा जलाए रखना तुम,
बस धैर्य बनाए रखना तुम, नित आगे बढ़ते रहना तुम।

कर्म पथ पर बिना रुके, बस चलते ही जाना तुम,
मन में अटल विश्वास को, सदा बनाए रखना तुम,
निश्चय ही वह दिन आएगा, जब होगी जय-जयकार तुम्हारी,
बस धैर्य बनाए रखना तुम, नित आगे बढ़ते रहना तुम।।

नीतू शर्मा
टी.जी.टी. (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 एच बी के, देहरादून

4

क्षमा

ऐ! प्रकृति तू न लज्जित हो
अपनी ही सृष्टि पर
मानव की विनाशकारी दृष्टि पर।
मैं मानव क्षमा माँगता हूँ, आज सन्धि पक्ष से
अब न तुझे मलिन करूँगा
अपनी विनाशकारी दृष्टि से।

तू जीवन का आधार है वन
तेरे अपराधी हैं हम
तू जीवन दाता है
पर तेरी मृत्यु का कारण हैं हम
ऐ ! वन क्षमा कर
मानव को आज सन्धि पक्ष से।

पक्षी, तू आकाश का अधिपति है
मानव विकास की प्रेरणा है तू
तेरी स्वतंत्रता में शूल बने हम
ऐ! पक्षीराज क्या क्षमा करोगे
मानव को आज सन्धि पक्ष से।

पृथ्वी को नियंत्रित किया तुमने
पर्वत, पठार और मैदान
पर्वत की विध्वंसकारी शक्ति हैं हम
मैदान पर बोझ, पठार पर हावी हैं हम।
ऐ ! पृथ्वी के संतुलन क्षमा करो
मानव को आज सन्धि पक्ष से।

सृष्टि के पालक- वायु, जल
जैविक-अजैविक तत्वों का आधार हो तुम,
वायु के संतुलन के विनाशक हैं हम,
जल को विष बनाने वाले
घोर प्रदूषण के कारण हैं, हम।
ऐ! सृष्टि के जीवन क्षमा कर
मानव को आज सन्धि पक्ष से,
अब न तुझे मलिन करूँगा
अपनी विनाशकारी दृष्टि से।

गरिमा जोशी
पी.आर.टी.
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय आई.एम.ए., देहरादून

5

जहाँ चाह, वहाँ राह

जहाँ चाह, वहाँ राह होती है,
कभी पतझड़ में भी बरसात होती है।

खिलते है बंजर धरती पर भी फूल,
आसमान में भी झंकार होती है।

मिलती है सागर में नदियां,
फिर भी नदियां महान होती है।

टूटकर जुड़ने पर ही हमें,
हमारी पहचान होती है।

लिखती है जिंदगी रोज नई परिभाषाएं,
इसलिए तो कभी मुश्किल,
कभी मुश्किलें आसान होती हैं।

सोते हुए देखते हैं हम सपने हजारों,
सुबह होते ही यथार्थ से पहचान होती है।

फिर भी जो हारते हुए भी ना हार माने,
उसी की जिंदगी गुलजार होती है।

हेमन्त कुमार चन्देल
पी.आर.टी.
केन्द्रीय विद्यालय क्र.2 इन्दौर

6

ये जरूरी तो नहीं

चलता हूं राह का
पथिक बनकर।
हर समय मंजिल मिले।
ये जरूरी तो नहीं।।

अपनों की भीड़ में
अकेले हैं हम।
हक के लिए चुप रहूं।
ये जरूरी तो नहीं।।

तम की तमस भले
ही घनी हो।
पर दीया ही ना जलाऊं
ये जरूरी तो नहीं।।

मन मेरा निर्मल व
पाक साफ है।
हर किसी को बताऊं
ये जरूरी तो नहीं।।

हर मोड़ पर खुशी
मिलती है मुझे।
पर गम कभी ना मिले
ये जरूरी तो नहीं।।

आसमान भले ही
ऊंचा हो।
पर हौसलों में उड़ान ना हो
ये जरूरी तो नहीं।।

रमेश कुमार
पी.जी.टी. (गणित)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 जालंधर कैंट

7

केन्द्रीय विद्यालय है सक्षम

केन्द्रीय विद्यालय है सक्षम,
भाषा ज्ञान हो, विज्ञान हो
या हो देश प्रेम का भान।

मान बढ़ाते छात्र हमारे
संपूर्ण विश्व में सम्मान, हैं पाते।
नित दिन नई ऊंचाइयों को छूते
राष्ट्र सेवा की अलख, हैं जगाते।

स्काउट गाइड से लेकर परीक्षा पे चर्चा तक
अपने हुनर का लोहा मनवाते।
चाहे हो वृक्षारोपण का अभियान
बढ़-चढ़कर पर्यावरण संरक्षण का बिगुल बजाते।

चाहे हो सी ए जैसे कठिन परीक्षा
पूरे राष्ट्र में अव्वल होकर दिखलाते
स्कूली शिक्षा की सबसे बड़ी व्यवस्था
केन्द्रीय विद्यालय में हैं, हम पाते।

केन्द्रीय विद्यालय सी सस्ती शिक्षा
और कहीं नहीं हम पाते।
केन्द्रीय विद्यालय की देशव्यापी पहुँच
जैसा विस्तार और कहीं नहीं हम पाते।

कर्मठ शिक्षक और प्रशासक
सरकार की विभिन योजनाओं को हैं लागू कर पाते।
मिनी इंडिया हैं हम कहलाते,
राष्ट्रीय एकता को सजाते-सँवारते।

केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों, कर्मियों का उत्साहवर्धन
है, राष्ट्रीय एकता-अखंडता का है संवर्धन
केन्द्रीय विद्यालय है सक्षम।

प्रवीण कुमार
प्रशासनिक अधिकारी
के.वि.सं. क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली

8

मैं श्रमिक हूँ

मैं धरा के भार को सर पर उठाए,
चल रहा हूं आस सूरज से लगाए
कब वो थक के रश्मियां अपनी समेटे,
कब मेरी मजदूरी मेरे हाथ आए

इन शहर की रौनकों में मैं बसा हूँ,
हर इमारत की चमक में मैं गड़ा हूँ
तुम पता मेरा कहीं पर पूछना
हर गली नुक्कड़ चौराहे में खड़ा हूँ,
खींचता हूँ रोज गाड़ी जिंदगी की
इक नया बाजार कान्धे पर सजाये,

है मेरा आंगन मेरा संसार भी है,
जिंदगी जीने का इक आधार भी है
पीछे बस्ती में किराये के मकान में
बीवी-बच्चों से सजा परिवार भी है,
और कुछ चिंता न अब मुझको सताती
बस मेरे बच्चों को रोटी हाथ आये,

कारखानों में शहर की हस्तियों में
है मेरा जीवन पुरानी बस्तियों में
तुम मेरे हालात सुनकर क्या करोगे
जग भंवर है और हम हैं कश्तियों में
हाथ है पतवार तो तुम पार उतरो
हम वो मांझी नहीं जो नदी से मात खाएं।।

रवीन्द्र शुक्ला
पी.आर.टी.
केन्द्रीय विद्यालय शक्तिनगर

9

हिंदी

राष्ट्र का गौरव है, तू
इस कुल की है तू, बिंदी
मेरे हृदय की वंदना है,
और तेरे उर की कालिंदी।

अचला से अभ्र तक तेरा ही संचार है,
तेरे ही संसार में हर भाषा का व्यवहार है।
तेरी वंदना वीणा का आगाज है।
मात्र भाषा नहीं, मातृभाषा का उपहार है।।

नभ के मस्तक पर चांद सी विद्यमान है,
तू मेरी भाषा,तू मेरी हिंदी, तू मेरा अभिमान है।

फुलवारी की सुगंध में जो क्षमता है,
तू उस बगीचे का आकार है।
विद्वता का मंडन, तेरे हर क्षण में है।
भाषा का युद्ध है, पर तू एक रण में है।।

माँ कह दूं तुझे, या कह दूं, तुझे जोगिनी
हर भाषा को आकार देती, तू है एक योगिनी
तपस्वी का राग भी रागिनी से बढ़ता है,
तू मेरे हृदय की भाषा है
दिन ढले तो सूरज चढ़ता है।

अंकिता
टी.जी.टी. (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय ए.ए.आई. रंगपुरी

10

कृषक

अपने सपनों को तिलांजलि देकर
जीना सीखा जिसने औरों के लिए।
हाड़-तोड़ मेहनत करके भी
जुटा नहीं पाता वस्त्र, जो तन ढकने के लिए।
स्वयं तरस जाता है, एक जून के भोजन के लिए
परंतु खेतों में दिन - रात खून-पसीना बहाकर
अनाज उपजाता है, जो दूसरों के लिए।

अभावों में दैन्य-भाव का, जो बोध न होने देता है,
गरीबी में भी रहता है जो प्रतिपल चेहरे में प्रसन्नता लिए।
ईमानदारी झलकती है जिसके रग-रग में,
कर्मवादी बनना है जिसके व्यक्तित्व में,
झोंपड़ी है आवास जिसका, समर्पण है आधार उसका।

निर्धनता में भी खुशहाल रहना
अपना लिया जिसने जीवन का मूलमंत्र।
विषम स्थिति में हिम्मत से काम लेना,
है जिसका परम धर्म।
ऐसे हैं हमारे देश के वीर कृषक,
प्रकृति से प्रेम करता।

प्रतिकूल परिस्थितियों में भी रहकर अडिग
हौसला न छोड़ेंगें, साहसी जीवन जिएँगें,
खुशियों की परवाह किए बगैर
आपदा से मुक़ाबला डटकर करेंगे।
आगे बढ़ने की होड़ में सदैव तत्पर रहेगें।

सुनीता केशर
उप-प्राचार्या
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 एस.टी.सी.जबलपुर

11

एक और स्वरूप- प्रकृति

फल-फूल, साख, छाया, तने
सब कुछ तुझसे पाया हमने
फिर भी उस दाता के तन पर
हथौड़ा खूब चलाया हमने।

नासमझी की हदें पारकर
सृष्टि को भरमाया हमने
विकसित अपनी राह बनाने
प्रकृति को खूब रुलाया हमने।

गर रोई प्रकृति, तो सैलाब आएगा
प्राणी मात्र का अवशेष न बच पायेगा
ना कुछ लेकर आया था तू
ना कुछ लेकर जायेगा
जो कुछ पाया इसी धरा पर
यहीं कहीं रह जायेगा।

राह-ए- मुसाफिर, संभल जा वरना
मंजर-ए-तबाही आएगी
जहाँ-ए- गुलिस्तां, उजड़ा होगा
घनघोर त्रासदी छाएगी।

प्रकृति से खिलवाड़ का
अंजाम तुझे भुगतना होगा
जो अब तक खामोश था, उसके
विकराल स्वरूप से डरना होगा।

प्रकृति की रक्षा, पालन पोषण
निर्बाध रूप से करना होगा
कष्ट दिया था, हमने जिसको
अब कष्ट उन्हीं का, हरना होगा।

सुधाकर नंदनवार
टी.जी.टी.
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कुरुद

12

दीपक

उन दीपों को याद करो, जिसनें ये सम्मान दिया।
लिए देश की सीमाओं पर, प्राणों का बलिदान दिया।

धन्य है माँ तू, तेरा दीपक, कभी नहीं बुझ पायेगा।
सूरज जैसा यह बलिदानी, जग में प्रकाश बिखराएगा।

उसकी स्मृति को मन में लेकर,क्यों आँखों को सजल किया।
देश के पथ में तूनें अपनी, ममता को बलिदान किया।

तेरी नहीं देश के जन-जन, के नयनों की वह ज्योति।
बलिदानी पुत्रों की माँ तो, देव पूज्य ही हैं होती।

आशा सिंह
टी.जी.टी. (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र.2 विजयवाड़ा

13

माटी तेरे रंग हजार

माटी तेरे रंग हजार, कण-कण से तू करती प्यार।
बीज डाल के देखे कोई पौधा हो जाता तैयार।
हलधर के हर सपने को, हे माटी तुम करती साकार।
माटी तेरे रंग हजार, कण कण में खुशियां हैं अपार।

नभ ने तुमको जलवृष्टि दिया,
तुमने हमको नव दृष्टि दिया।
देख सपूत पाता गोदी में तेरी खुशियां अपरंपार।
माटी तेरे रंग हजार, कण कण में खुशियां हैं अपार।

देश देश को छाया देती, मानव को नव काया देती।
मेरी ये माटी की काया तेरा मान रही साभार।
माटी तेरे रंग हजार, कण कण में खुशियां हैं अपार।

यह माटी जो सब कुछ देती,
तुम भी इसको सींचते रहना।
खून पसीना देकर प्यार।
माटी तेरे रंग हजार, कण कण में खुशियां हैं अपार।

पवन कुमार पाण्डेय
पी.आर.टी.
केन्द्रीय विद्यालय न्यू कैंट प्रयागराज

14

हीरक जयंती गीत

आओ जन-नायक साथ हमारे।
जन सेवा हित साँझ सकारे।।

सम्यक मूल्यांकन और उपचारण
जन जन का हित संवर्धन
केन्द्रीय विद्यालय संगठन का उच्च लक्ष्य है
व्यक्ति समाज और राष्ट्रोत्थान।।

लोक हितैषी सेवा शिक्षा
जन मन प्रेरित सतत सुरक्षा
तत् त्वं पूषन् अपावृणु ही ध्येय है
केन्द्रीय विद्यालय हमारा प्रिय संस्थान।।

उठो संगठन के कर्मठ सेवक
शिक्षक, अभिभावक और प्रबंधक
बुला रहे हैं कार्य लोकहित
तुम पर निर्भर देश निर्माण।।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को करें अमल
जिससे विकसित भारत का खिले कमल
पीएम श्री विद्यालय भी है अद्भुत सृजन
जो देगा मौलिकता एवं सम्यकता का नव-प्रमाण।।

आओ जन नायक साथ हमारे
जन सेवा हित साँझ सकारे।।

संदीप कुमार शर्मा
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी. श्रीकोना

15

आज़ादी का अमृत महोत्सव

देश यह मेरा हिंदुस्तान, देशवासी हैं हम इसके,
आज़ादी के 75 साल, पूरे कर लिए हैं इसने।

शुरू हुई सन् सत्तावन में, आज़ादी की पहली बगावत,
आज देश मना रहा है, आज़ादी का अमृत उत्सव।

भूले नहीं भुलाए जाते, वीर-वीरांगनाओं की शहादत,
हर एक भारतीय का, नमन है उन्हें शत-शत।

परिवार त्यागे, अपने प्राणों की दे दी आहुति,
पर बुझने न दी, आजादी की अमर ज्योति।

यह एक -दो दिनों की बात नहीं, कृतज्ञ है जीवन का प्रतिक्षण उनका,
हमारे भारत देश की मिट्टी में, मिला हुआ है लहू का कण-कण जिनका।

क्या गजब की मुहिम छेड़ दी है, मोदी जी के विचारों ने,
बच्चे बूढ़े सभी याद कर रहे, वीर सुपुत्रों के बलिदानों को।

टोले-मोहल्ले-टेलीविजन पर, मनाया जा रहा यह एक पावन उत्सव,
देश के लिए सही मायने में, यही है आज़ादी का अमृत महोत्सव।
यही है आज़ादी का पावन अमृत महोत्सव।

अमित कुमार गुप्ता
पी.जी.टी. (सीएस)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सिलचर

16

वृक्ष की व्यथा

संग्राम बहुत झेले हमने
विध्वंस देखे हैं बार-बार
हार नहीं मानी हमने
होते रहे हम पर प्रहार।

कभी काट दिए कभी जला दिए
टुकड़ों में हमको बांट दिया
जिसने जीवन भर कष्ट दिए
उसका अंतिम क्षण साथ दिया।

हम जड़ चेतन हैं हममें भी
है जान नहीं तुम जान सके
हम वृक्ष तुम्हें सुख देते हैं
क्यूँ नहीं तुम ये पहचान सके।

क्यूँ चीख नहीं सुन पाए तुम
आरी हम पर चलवाते थे
हम जोर-जोर से रोते थे
तुम उतना ही मुस्कुराते थे।

सोचो यदि हम नहीं होंगे तो
पृथ्वी पर कोई रह पाएगा?
इसलिए करो पौधरोपण
फिर धरा पर स्वर्ग हो जाएगा।

अनिल कुमार
सहायक अनुभाग अधिकारी
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी, हजरतपुर

17

बच्चे हैं देश का भविष्य

बच्चे हैं देश का भविष्य, ये सच है महान,
इनकी मुस्कान में छिपा है, हर एक का अरमान।

इनकी आंखों में चमक है, सपनों का संसार,
इनके कदमों से जुड़े हैं, देश के हर विचार।

खेल-खेल में सीखते हैं, देशभक्ति के गीत,
इनके संग-संग बढ़ते हैं, हमारे सारे मीत।

इनके सुकून में बसता है, भारत का स्वाभिमान,
इनके उजले भविष्य से, रोशन हो हमारा जहान।

इनके हाथों में सवेरा है, नये युग का आगाज,
देश की शान बढ़ाते हैं, ये नन्हे नाजुक राज।

बच्चे हैं देश का भविष्य, ये सच है महान,
इनकी मुस्कान में छिपा है, हर एक का अरमान।

पूजा गुप्ता
पी.आर.टी
केन्द्रीय विद्यालय क्र.2 विजयवाड़ा

18

स्वर्ण युग की शुरूआत

भारत की संस्कृति बहुआयामी, इसका महान इतिहास
होती जिसके साथ, एक स्वर्ण युग की शुरूआत।

हमारी यह प्राचीन विरासत, परम्पराओं का समावेश
भारत की वास्तु, शिल्पकला, देती एक महत्वपूर्ण सन्देश।

उदारवाद और सहिष्णुता, भारतीय संस्कृति का आधार
विविधता में एकता का, है यह सम्पूर्ण सार।

वसुधैव कुटुम्बकम का मूल दर्शन, सारे विश्व को ज्ञात
भाषा सबकी चाहे भिन्न हो, भाव सभी का एक ही बात।

ऐसे देश की गौरव गाथा, है सबसे निराली
कहीं प्रेम का रंग है तो कहीं भक्ति भावना मतवाली।

भारत की जय बोलो, शुरूआत करो नए कल की
यही सन्देश है जन-जन तक, खेलो प्रेम की होली।

जन-जन का उत्थान ही, इस संस्कृति की शान
भारत की परम्पराएँ हैं, इसकी अमूल्य पहचान।

आओ गाएं सब मिलकर भारत की गौरव गाथा को
सबका भाग्य बनाता जो, प्रेम भाव सिखलाता वो।

जतिंद्र कौर
पी.जी.टी. (हिंदी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय आई.टी.बी.पी भानू

19

शिक्षा ही जीवन है

पढ़-लिखकर हमें जमाने से,
अधिकार अपने पाना है।
जीवन को सुशिक्षित बनाकर,
परिवार को सुखी बनाना है।।

हम पढ़ेंगे देश बढ़ेगा,
देश में ज्ञान का दीप जलेगा।
धरती पर स्वर्ग बनेगा,
विश्व में देश का नाम बनेगा।।

देश को साक्षर बनाकर,
जनजीवन को ऊंचा उठाना है।
पढ़-लिखकर हमें जमाने से,
अधिकार अपने पाना है।।

हम सुधरेंगे जग सुधरेगा,
जग में फैला अंधकार मिटेगा।
शिक्षा से ही जीवन का अर्थ मिलेगा,
पाप-पुण्य का राज मिलेगा।।

मन के भ्रम मिटाकर,
रूढ़िवादिता से मुक्ति पाना है।
पढ़-लिखकर हमें जमाने से,
अधिकार अपने पाना है।।

ब्रह्मदेव गौड़
पुस्तकालयाध्यक्ष
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 इन्दौर

20

मन के भोले-भाले बच्चे

जो मन में आता है वो सब, बिना झिझक कह जाते बच्चे
कभी धूप और कभी छांव भी, हंस कर के सह जाते बच्चे
गर देखभाल में कमी हुई तो, फिर वो मुरझा जाएंगे
नाज़ुक कली के जैसे होते, मन के भोले भाले बच्चे।

क ख ग घ, ए बी सी डी, पढ़कर जब थक जाना तुम
तब बिना झिझक के दौड़ते हुए, मेरे पास आ जाना तुम
मैं तुम्हें दिखाऊंगा, इस दुनिया के भी बाहर दुनिया है
जहां नन्ही नन्ही रंग बिरंगी, चिड़िया और तितलियां है
तितली के संग तितली बन, आकाश में उड़ने वाले बच्चे
नाज़ुक कली के जैसे होते, मन के भोले भाले बच्चे।

बच्चे गंगा जल सा निर्मल. पवित्र और पावन होते हैं
जो चाहे लिख दें हम उनमें, कोरा कागज होते हैं
इनके बिना दुनिया है सूनी, घर का आंगन सूना है
ये समझो बच्चे धरती पर, ईश्वर का एक नमूना है
नए जोश और नई उमंगों, के संग चलते रहते हैं
चींटी जैसा स्वभाव उनका, कभी नहीं वह थकते हैं
पर रात को थक कर सो जाते हैं, दिनभर खेलने वाले बच्चे
नाज़ुक कली के जैसे होते, मन के भोले भाले बच्चे।

उमा शंकर
पी.आर.टी.
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.2, वास्को

21

नारी तेरा सफर

वो बेटी, बहन,पत्नी, माँ सब बन जाती है
स्त्री है वो न जाने, कितने किरदार निभाती है।

कभी अपनों के लिए मौन, तो कभी अपनों की आवाज़ है
कभी पुराने रिवाज़, तो कभी नए दौर का आग़ाज़ है।

कभी चाँद सी सुंदर, तो कभी सूरज सा ताप है
कभी उलझे सवालों की गुत्थी, तो कभी खुले राज है।

कभी फूल सी कोमल,तो कभी शक्ति का स्वरूप है
कभी खिलती मुस्कान, तो कभी बिलखती अंदर है
कभी शांत दरिया, तो कभी उफनता समुंदर है।

कभी आईना है समाज का, तो कभी करती है सामना समाज का
हे नारी तू आधार है हम सभी के अस्तित्व का
कर्ज़ न चुका पाएगी यह धरती तेरे स्त्रीत्व का।

घर से लेकर मंदिर तक हर जगह तेरा वास है
नारी तू ही प्रेम है, आस्था है, विश्वास है
सद्गुणों की ख़ान है, तू ख़ुद एक सम्मान है।

मेरे पास अलफ़ाज जैसे, अधभरा कोई सागर है
तेरे स्त्रीत्व के आगे तो, फीका ये सब सागर है।

फिर भी साहस है दिखलाया तुझ पर लिखने का
सीख या ज्ञान नहीं सम्मान दिया है, सम्मान दिया है।

रीना वर्मा
पी.आर.टी.
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 4 मामून कैंट पठानकोट

22

स्वरूप

इक नन्हीं सी प्यारी चिड़िया
लिए ममत्व की गागर उर में
तिनका-तिनका ढूंढ रही थी,
नगर-नगर में, डगर-डगर में।

स्वयं रचा फिर बड़े जतन से,
उसने अपना सुंदर संसार
खाली मकान के इक कोने में,
पाया माँ होने का अधिकार।

महक उठी थी उसकी बगिया,
नन्हें-नन्हें सुमनों से,
जो लगते थे, उसे सदा ही,
पूर्ण होते सपनों से।

अब वो फिरती दिन-दिन भर,
दाना-दाना पाने को
मातृत्व का धर्म निभाती,
नन्हों की भूख मिटाने को।

एक शाम जब चिड़िया लौटी,
सब कुछ देखा बदला-बदला
छिन्न-भिन्न उसका संसार,
पड़ा हुआ था, उजड़ा-उजड़ा।

मसल दिया कोमल सुमनों को
सँवारा अपने घर का रूप,
मानव के वेश में छुपा हुआ है,
एक जानवर का स्वरूप।

पूनम पाण्डे
कला शिक्षिका
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 जी.सी.एफ. जबलपुर

23

कन्या- भ्रूण हत्या

एक डोर से बँधी तेरी माँ!
साँस तुझी से लेती हूँ,
दिल धक-धक करता जो तेरा,
वो धड़कन मैं ही होती हूँ।

अपने रक्त से सींच रही तू,
आकार मेरा बढ़ाने में,
आँख तेरी जो नम हुई तो,
रोई हूँ मैं भी रातों में।

आज तेरे क्या मन में आया,
क्यूँ ठानी करने का सफ़ाया,
क्या प्रेम में तेरी बाधक हूँ मैं,
या वंश बेल का बीज नहीं?

तू निष्ठुर,निर्मम हुई कैसे माँ,
क्या समाज तुझे सताता है?
अपने अंग को काट,जुदा कर
अपना वर्चस्व बचाता है?

मैं तेरी प्रतिछाया बनूँगी,
मत कर अपने से जुदा,
देख लेने दे ज़ालिम दुनिया,
जिसने ये सब स्वाँग रचा।

तू मुझे मिटाकर इस तरह से
सीख किसी को ये देगी?
तू ख़ुद भी एक औरत है,
क्या अपना वजूद मिटा देगी ?

नीलम कुमार
पी.आर.टी.
केन्द्रीय विद्यालय सिख लाइंस, मेरठ छावनी

24

अनकहे एहसास

तुम ही दुनिया में लाई हो, तुमसे ही अस्तिव पाया है,
तेरे स्तन की रसधार से जीवन मुझे मिल पाया है,
तूने लहू से सींच अपने मेरी जीवन बेल बढ़ाई है,
खुद रातों को जाग-जाग मुझे मीठी नींद दिलाई है।

स्वयं गीले में सोकर के सूखे में मुझे सुलाया है,
मेरी छींक मात्र पर तूने अपना सुख-चैन गंवाया है,
मैं जब कुछ माँगता था, उसे तू उपलब्ध कराती थी,
मेरी गलतियों को भी माँ तू नज़र-अन्दाज़ कर जाती थी।

जब भी चोट लगी मुझको तूने अहसास कराया माँ,
मेरे दर्द को तूने अपनी आँखों से छलकाया माँ,
तुमने ही मुझे शिक्षा दी है, चरित्र निर्माण कराया है,
ख़ुद भूखी रहकर तूने मेरा पेट भराया है।

पूरे दिन काम करके तू जब भी माँ थक जाती थी,
अपनी थकान भूलकर भी तू लोरी मुझे सुनाती थी,
ख़ुद रातों को जागी थी, तू मुझे पढ़ाने बैठी थी,
अशिक्षित होकर के भी माँ तू हौसला बढ़ाने बैठी थी।

मेहनत करके तूने माँ नाज़ों से मुझे पाला है,
संस्कार अच्छे देकर के जीवन में किया उजाला है,
सिर पर हाथ रख अनुकम्पा सदा बनाना तुम,
जब भी याद मैं करूँ तुम्हारी लब पर हँसी सजाना तुम।

तुम्हारा चेहरा मेरी नज़रों में सदैव ही आता है,
हर बात में ज़िक्र कर तुम्हारा दिल मेरा भर आता है,
चिंता सब रिश्तों की कर माथे पर सिकश्त तुम लाती हो,
ख़ुद बुखार में तपकर भी तुम खाना मुझे खिलाती हो।

वो तेरी करूँणा भरी आँखें और वो ममता भरी छाती थी,
कर आँचल की छाँह तू मुझे दूध पिलाती थी,
नन्हें पैरों से मैंने कई बार तुझे मारा भी माँ,
फिर भी तूने चूम माथे को प्यार से पुचकारा माँ।

सुन रोने की आवाज़ मेरी तू दौड़ दूर से आती थी,
बिन बोले मेरे भाव समझ सीने से मुझे लगाती थी,
मेरी पहली शिक्षक बन तूने अक्षर ज्ञान कराया था,
अ-आ-इ, ए-बी-सी, गिनतियों का पाठ पढ़ाया था।

नौ माह मुझे कोख में रख प्रसव पीड़ा भी उठायी थी,
हाँ माँ तू ही थी जो मेरे अनकहे अहसासों को समझ पायी थी,
स्वाद तूने सारे तजे थे, मुझे स्वस्थ बनाने को,
ऐ माँ तेरा धन्यवाद मुझे अस्तिव में लाने को ॥

सोमवीर
प्रधानाध्यापक
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एन.के.जे. कटनी

25

शिक्षा और संघर्ष

संघर्षों के अंधियारों में,
जब सब कुछ मिट सा जाता है।
तब छिन्न-भिन्न जीवन पथ में,
शिक्षक आशा के दीप जलाता है।

हे वीर, बढ़ो तुम अब गर्जन कर,
ना झुको, ना रुको, तुम डरकर।
जो डर कर तुम रुक जाओगे,
नित ठोकर ही तुम खाओगे।

विष को अमृत सा पीकर,
चाहे भूखे-प्यासे दिन भर रहकर।
गर शिक्षा तुमको मिलती है,
तुम पा लो उसको काँटों पर चलकर।

विद्या के आलोक में जो तुम,
खुद को ले जो जाओगे।
अज्ञानता के दुर्ग को भेदकर,
जग में दिनकर सा छा जाओगे।

हे वीर, तुम वीरता दिखाओ
शिक्षा की अग्नि में खुद को जलाओ।
संघर्षों की भट्टी में तपकर
खुद को कंचन सा चमकाओ।

पंकज रस्तोगी
पी.जी.टी. (भौतिक विज्ञान)
केन्द्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल बरेली

26

वह नारी है

नारी में शक्ति है,
भक्ति है और समर्पण है
अर्पण है, तर्पण है
क्योंकि वह नारी है।

उसमें संयम है,
सबको एक सूत्र में बाँधने की ताकत है।
घर आँगन को महकाने की महक तो
पुष्प से भी ज्यादा है
क्योंकि वह नारी है।

उसमें माँ की ममता का ममत्व है
प्रिया है, पत्नी है, बहन है, पुत्री है,
अनेक रूपों में अपनी अस्मिता को
बनाये रखने की क्षमता है
क्योंकि वह नारी है।

उसमें दूसरों के लिए त्याग है,
वेदना है, प्रेम है और
सर्वस्व न्योछावर करने की शक्ति है
क्योंकि वह नारी है।

वह घर बाहर के कार्य सब कुछ
एक साथ सँभालती है
ना जाने इस तरह अपने
कितने रूपों को विशिष्ट बनाती है
क्योंकि वह नारी है।

पुरुष के साथ कंधे से कंधे मिलाकर
आज वह देश की सीमा पर खड़ी
दुश्मन का भी सामना डटकर करती है
क्योंकि वह नारी है।

प्रियंका शर्मा
टी.जी.टी. (हिंदी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 तिरुच्चि

27

निर्भया: एक खोज

कौन है निर्भया
संसार, समाज, लोक लाज के भय में जो सिमटी रहती है
सिकुड़ी सी रहती, पर नहीं अपने को खोल पाती है
हंसी तो दूर मुस्कुराना भी नसीब नहीं हो पाता है
अपने भी दूर, पराये भी दूर, उसकी सोच के कोई करीब नहीं हो पाता है
संघर्ष दिखता है वही, जो कभी-कभी सड़क पर आ जाता है
वह संघर्ष दिखता नहीं जो घर के अंदर चलता है मन के अंदर रहता है

निर्भया कहाँ जीवन भर निर्भय हो पाती है
हंसना तो दूर खुलकर रो भी नहीं पाती है
पिता भी एक समय के बाद साथ नहीं देता है
पति भी उसे रीत निभाने का उपदेश दे जाता है
सखा, सखियों से भी मन उसका बात कहाँ कर पाता है
कितनी खूबसूरत है सामाजिक सोने की रिवाज वाली बेड़ियाँ
होकर बेड़ियाँ, बेड़ियाँ नहीं गहना कहलाता है

समाज की परंपरा और रीति रिवाज सोने की रखती है चमक
कुछ चमक में नहीं है निर्भया की खनक
तुम कहते हो मुझसे आसमान में उड़ रही है कल्पना
कल्पना की कल्पना में माँ, बहन, बेटी कहाँ उड़ पाती है
मांग में सिंदूर माथे में बिंदी बस यही तस्वीर रह गई है
घर से आंगन और आंगन से रसोई यही तकदीर बन गई है
तरस जाते हैं उसके कान दिन भर खटने के बाद भी
जीवन भर कहाँ कोई कह पाता है उसे धन्यवाद के दो शब्द

वह जो भी करती है उसके केंद्र में होता है पुरुष
पृथ्वी सी बना ली है उसने परिवार की परिधि
इर्द-गिर्द घूमती है जीवन भर उसके
गिरते हैं स्वेद बिंदु माथे से रिसके
सवाल मन में सिर्फ इतना ही है
संघर्ष सड़क का ही क्यों निर्भया कहलाता है
खुद की उलझन में खुद से ही लड़कर फूल कुम्हलाता है

हर गली में एक निर्भया है
अभी कहाँ उसका भय गया है
सचमुच निर्भया को देना चाहते हो न्याय आजादी
शुरू करो खुद से खुद के पास से
और आजाद करो उस पंछी को
जिसे रमेश बाबू के सिंदूर ने डाल दिया है पिंजरे में
हंसने दो बेटियों को, खिलखिलाने दो बीवियों को
कभी- खुद ही रख दो सामने चाय की गरम प्याली
बेटियों को भी कर दो बंदिशों से दूर
दो एक खुला आसमान पंछी को
उड़ने दो लगाकर अरमानों का पंख
गर न कर सको तो लेकर नाम निर्भया का बहाना, आंसू व्यर्थ है।

डॉ. अजय आर्य
पी.जी.टी (संस्कृत)
केन्द्रीय विद्यालय, दुर्ग

28

माँ

माँ ही केवल माँ जैसी है
इस नश्वर ससांर में
माँ का ही एक हिस्सा हूँ मैं
माँ में ही समाया हूँ
उस माला का मनका हूँ मैं
उनके अस्तित्व में पाया हूँ।

अंबर समान उस आँचल में
बचपन बटोर मैं लाया हूँ
सहेज कर आँचल में खुशियाँ
माँ ने आँगन मेरा सजाया है
मैं भी बदला, जग भी बदला
लेकिन माँ केवल माँ जैसी है
इस नश्वर संसार में।

खुद को खोकर दुनिया में
मुझको आकार दिलाया है
अपनी आशाएं, इच्छाएँ लुटाकर
मुझमें सपना संजोया है।

मां से ही ये जग जीवत है
नहीं तो अकल्पित ये संसार है
तन मन धन बोली उसने दी
उससे ही रूप रंग का राज है।

दिन तो रोज बदलते ही है
मौसम भी रूप बदल कर आते है
पर मां तुम केवल मां जैसी हो
इस नश्वर संसार मे।

तुममें कहीं कोई कशिश है
तुमसे शुभ आशीष ही पाया है
तुम्ही वत्सला, तुम्हीं सुदर्शना
अमृत दायिनी तुम हो निर्मला
तुम ही एक शक्ति दिखती हो
इस निर्जन संसार में
मां तुम केवल मां जैसी हो
इस नश्वर संसार में।

कामिनी सिंघल
पी.जी.टी. (सीएस)
केन्द्रीय विद्यालय जनकपुरी

29

बचपन की कहानी

सुनाएं अपनी जुबानी,
अपने बचपन की कहानी।
जिसमें होता था एक राजा और महलों की रानी।
सुनो बचपन की कहानी।

रोज सवेरे खलिहानों तक नंगे पांव ही जाना।
खेतों पर छप छप छपाक कर साबुन बिना नहाना।
गंगाजल जैसा लगता था ट्यूब वेल का पानी।
सुनो बचपन की कहानी, अपने बचपन की कहानी।

दादी के किस्सों में भेड़िया भी बातें करता था।
तोते की गर्दन मरोड़ने से राक्षस मरता था।
बन्दर मामा, बिल्ली मौसी बतलाती थी नानी।
सुनो बचपन की कहानी, अपने बचपन की कहानी।

अम्मा की पहली रोटी गैया के लिए अगराशन।
खाते थे सब एक साथ ही बिछा जमीं पर आसन।
एक दूजे की चुरा के रोटी करते थे शैतानी।
सुनो बचपन की कहानी, अपने बचपन की कहानी।

चना चबैना, दूध बताशा, अपना पिज़्ज़ा, बर्गर।
चटनी, प्याज़, नमक संग हम खा लेते थे जी भरकर।
मैग्गी और चाऊमीन से अच्छी लगती थी गुड़धानी।
सुनो बचपन की कहानी, अपने बचपन की कहानी।

मनोज कुमार गुप्ता
टी.जी.टी. (अंग्रेजी)
पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 वायुसेना स्थल, चकेरी

30

मन कहता है

उत्सव हूं मैं !
हां उत्सव हूं मैं!
जहां कहीं भी जाती हूं,
अपने उत्सव का रंग फैलाती हूं मैं।
उत्सव की खुशबू से सारा चमन महकती हूं मैं।
और कोई उत्सव ना भी हुआ तो?
स्वयं ही उत्सव बन जाती हूं मैं।

हां उत्सव हूं मैं
मित्र हूं मैं,!
हां मित्र हूं मैं !
हर मित्र का इत्र हूं मैं।
मेरे जीवन की सारी पूंजी ही है मित्रता।
निभाती हूं मैं उसे भरकर अपने मन की सारी पवित्रता।
हां एक सच्चा मित्र हूं मैं।

मन हूं मैं!
हां एक भावुक मन हूं मैं !
उसमें ही बसाया मैंने अपना सारा संसार।
आते न थे मुझे गणित के कठिन व्यापार।
किन्तु जानती हूं मन होना आसान नहीं होता?
चाहे भावनाओं में लड़खड़ाते रहे हो पांव मेरे
किंतु मैं मस्तिष्क ना बन पाई !

मन ही हूं
और मन ही रहूंगी
क्योंकि मन की भाषा ही मनमोहन को भाती है।
तभी तो कीचड़ में रहकर भी यह कमल! 'पदम' कहलाती हैं

पदमा नायडू
टी.जी.टी. (सामाजिक विज्ञान)
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 नौसेनाबाग

31

हर बच्चे की इच्छा

हर बच्चे की इच्छा है, आगे वो बढ़े,
तरक्की की राह चले, ऊँचाइयों को गढ़े।
कोई बने वैज्ञानिक, कोई कवि महान,
कोई अद्वितीय व्यवसायी, पाए नई पहचान।

क्या हर किसी की इच्छाएँ, पूरी हो सकती हैं?
महानता के लिए मेहनत, करनी सबको होती है।
सिर्फ काम की नहीं, मन की भी मेहनत है,
कोशिशों से ही मिलती, सफलता की रहमत है।

मन की मेहनत का भी है महत्वपूर्ण स्थान,
ऋषियों ने बताया इसका अनुपम ज्ञान,
मुश्किलों को पार करने का, एक सटीक तरीका,
थोड़ी मेहनत, सब्र, हिम्मत का उत्तम सलीका।

सर्वशक्तिमान की प्रार्थना में है दम
है मुश्किलों को पार करने का एक सशक्त माध्यम
इसलिए तो दिन की शुरुआत करते हैं हम
प्रातः कालीन सभा में सामूहिक प्रार्थना से एकदम
शुद्ध और पवित्र मन का विशेष प्रयास,
निरंतर अभ्यास से मन हो उजास,
गीता में भी इसका है उल्लेख साध।

आओ बच्चो चलें साथ-साथ।
पकड़े आत्मविश्वास का हाथ।
शिक्षा की पतंग ऊंचे आसमान में उड़ाए।
केन्द्रीय विद्यालय का नाम गगन में फहराए।

मित्रविन्दा राव
उपप्रचार्या
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय तिरुमलगिरि

32

बचपन

छोड़ बचपन का वो आँगन मैं, जवानी की दहलीज पर आया
पीछे मुड़ के देखा तो अहसास हुआ क्या-क्या छोड़ आया
छोड़ आया मैं वो स्वर्ग सा सुख जो माँ की गोद में था पाया

छोड़ आया वो मखमली आँचल जिसने मुश्किलों की हर धूप से बचाया
छोड़ आया वो नर्म कोमल हाथ जिन्होंने मेरे वजूद को वज्र बनाया

छोड़ आया माँ की वो मधुर लोरियाँ जिन्होंने दर्द में भी मुझे गहरी नींद सुलाया
छोड़ आया माँ के हाथ का वो लजीज खाना जो स्वाद दुनिया के किसी महंगे होटल में ना आया

छोड़ आया मैं वो कांधे जिन्होंने मेरे बचपन को झुलाया
बनाने को मेरी हस्ती जिन कांधों ने अपनी जवानी को लुटाया

छोड़ आया वो भोली जिदें जिन्हे पिता ने नाजों से था उठाया
भूल कर अपना हर सुख मेरी हसरतों को ही अपनी हसरतें बनाया

छोड़ आया पिता की वो डांट जिन्होंने जीवन की सही डगर पर चलाया
छोड़ आया वो खालिस रिश्ते नहीं थी जिनमे कोई बनावटी माया

छोड़ आया जिंदा खुशियों का वो दौर जीवन था जिन से जगमगाया
छोड़ आया बचपन के खेल,मिट्टी के खिलौने और वो जो रेत का घरौंदा था बनाया

था जो स्वाद बचपन में वो जवानी में नहीं जवान होकर ये समझ आया
लाख कोशिशों के बाद भी 'पवन' बचपन की गोद में ना दोबारा जा पाया।

पवन कुमार
टी.जी.टी. (हिंदी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 जम्मू छावनी

33

तू बढ़ता चल

युद्ध सा हो समय,
कांटों सी हो डगर,
अश्व की रफ़्तार सा,
तू बढ़ता चल...।

भेड़ियों की भीड़ हो,
कीचकों का राज हो,
सिंह की दहाड़ सा,
तू बढ़ता चल...।

ज्ञान का प्रताप ले,
शौर्य रथ सवार हो,
द्रुतगामी पथिक सा,
तू बढ़ता चल...।

प्रेम की चाह बन,
एकता का प्राण बन,
कारवां बनाते चल,
तू बढ़ता चल...।

शहीदों पे फूल बन,
वीरता का पाठ बन,
योग के ध्यान सा,
तू बढ़ता चल...।

राजेश यादव
उपप्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय मथुरा छावनी

34

नया संकल्प

प्रतिदिन विहान में एक नया संकल्प करें
जल को न व्यर्थ करें, बारिश का पानी संचित करें
जल न मलिन करें, विकास का प्रण करें
धरती के गर्भ में पानी का ताल भरें
पेड़ लगाएँ हरे-हरे, वायु को हम शुद्ध करें
कंकरीट का वन लगाकर साँस न अवरुद्ध करें।१।

बेटे व बेटी में भेदभाव न करें
समाज की कुरीति का समर्थन हम न करें
समानता के अधिकार से उनका विकास करें
विद्या का दान दें सबको हम शिक्षित करें
प्रतिदिन विहान में एक नया संकल्प करें।२।

बुद्धि को बुद्ध कर मन को हम शुद्ध करें
जिज्ञासा उदीप्त कर नवोन्मेष हम करें
चरित्र का निर्माण कर चारित्रिक विकास करें
मूल्यों का ह्रास कर गति न अवरुद्ध करें
प्रतिदिन विहान में एक नया संकल्प करें।३।

सुमन पाण्डेय
पी.आर.टी.
केन्द्रीय विद्यालय भारतीय राजदूतावास काठमांडू

35

पीढ़ी अंतराल

आओ बच्चों आज कुछ ख़ास बात बताती हूँ।
पीढ़ी के अंतराल को तुम्हें मैं समझाती हूँ,
एक पीढ़ी के दूसरी पीढ़ी से विचार जब बदलते हैं,
इसी परिवर्तन को अंग्रेजी में जनरेशन गैप कहते हैं।
तेजी से विकसित होते हमारे इस समाज में
कुछ, बुजुर्गों से दूर रह कर हर्षाते हैं,
तो कुछ एकलपन से घबरा परिवार छोड़ पछताते हैं।

गर्म रक्त का जोशीला प्रवाह है इधर,
तो उधर है अनुभव बरसों पुराना।
एक को गुस्से पर काबू करना भी आता है,
तो दूसरे को आता छोटी-छोटी बात पर मुंह फुलाना

अनुभव का भण्डार है फिर भी,
भागती ज़िन्दगी में एक पीढ़ी पीछे रह जाती है।
दूसरी पीढ़ी वक़्त के साथ इतना दौड़ती है,
कि पहली पीढ़ी कोसों पीछे छूट जाती है।
दोनों पीढ़ियों में उम्र का कोई दोष नहीं,
पूर्व-पश्चिम की विचारधारा मतभेद बढ़ाती है।

वह भी समय था, जब जाड़े में
जलती अंगीठी के चारों ओर
बैठे किस्से गढ़ा करते थे।
अब समय है, हीटर की गर्मी में
अक्सर रिश्ते जल जाते हैं।।

वह भी समय था, बैठक में बैठ
दादा-दादी के कहानी अनुभवों से
हम अपना ज्ञान बढ़ाते थे।
अब समय है, उनके अनुभवों को
रूढ़ीवाद बता, अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

वह भी समय था, झटपट पहुँच बगिया में
लुक्का –छुपी, गिल्ली डंडा, झूले में पेंग बढ़ाते थे।।
अब समय है, व्हाट्सप्प, यूट्यूब, फेसबुक से जोड़ नाता
हज़ारों की भीड़ में भी अकेले रह जाते हैं।

गर्मी की रातों में छत पर होने वाली बात,
आनंद दे वो चांदनी रात
आसमान के वो चमकते तारे, कहाँ अब लुभाते हैं।
तकनीकियों की चकाचौंध,
बड़ा घर गाड़ी, फ़ोन ना खरीद पाने का तनाव,
अँधेरे मन के भाव, अक्सर आत्महत्या को उकसाते हैं।

आओ बच्चों, आज कुछ ख़ास बताती हूँ।
उस समय और आज के रिश्तों में
हो रहे बदलावों को ही, मैं पीढ़ी अंतराल कहती हूँ।

भूलों ना रीति रिवाज़ों को
अपने संस्कारों को भी त्यागो न
नित होते परिवर्तन, नित होते शोध नए
नई पीढ़ी का होने का, अभिमान तुम करो न
कुछ बड़ों की अनुभूति से सीखो
कुछ उनको भी सिखाओ न।

अपने सुव्यवहार से पाओ सभ्य सौगात,
इसी तरह होगा दूर, पीढ़ी अंतराल का विवाद।
इसी तरह होगा दूर, पीढ़ी अंतराल का विवाद।

रुचि शर्मा
टी.जी.टी. (कला)
केन्द्रीय विद्यालय केल्ट्रोन नगर

36

विद्यार्थी और शिक्षक

वह मिला था गीली मिट्टी सा
वह आया था खाली स्लेट सा
आँखों में किरणों का पुंज लिए
मन में सपनो का कुञ्ज लिए

मैने उसे अर्जुन सा माना
उसने मुझे कृष्ण सा जाना
उसके मन में प्रश्नों का भूचाल था
मेरा भी हर उत्तर का प्रयास था

फिर क्या? कौन रोक सकेगा ?
हे अर्जुन तुम्हारे बाणों का वेग
रचने को तेयार एक नया वेद
भारत का विश्व गुरु शंखनाद

अब भारत नित और बढ़ेगा
अब भारत नित और खिलेगा
हम विश्व गुरु कहलायेंगे
एक नया इतिहास रचाएंगे।

धर्म सुता नविन
पी.आर.टी.
केन्द्रीय विद्यालय मास्को

37

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, शिक्षा का एक दीप जलाता,
राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को, हर दिल में बिठाता।

एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना, यहाँ पर हर रोज़ पलता,
अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड परीक्षा में, हर छात्र आगे बढ़ता।

लघु भारत का रूप लिए, केन्द्रीय विद्यालय संगठन ये न्यारा,
भारतीय संस्कृति की महक से, हर कोना यहाँ प्यारा।

प्रतियोगिता की भावना से, बच्चे यहाँ हैं चमकते,
परीक्षा पे चर्चा में, प्रधानमंत्री के संग मचलते।

शिक्षा और संस्कार का मेल, यहाँ पर हम पाते,
प्रत्येक विद्यार्थी में, एक नए भारत का रूप दिखाते।

कला, संगीत, विज्ञान, यहाँ पर सब हैं सीखते,
प्रगति की राह पर चलते हुए, आगे सब हैं बढ़ते।

संगठन का हर एक विद्यालय, एक मूरत है न्यारी,
एकता में अनेकता की मिसाल, यही पहचान हमारी।

शिक्षा के इस मंदिर में, हर सपना साकार होता,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन, हर दिल का अभिमान होता।

शिवराज मीणा
पी.जी.टी. (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय बचेली

38

परीक्षा पर चर्चा

आओ बच्चों धीरज से हम चर्चा करें परीक्षा की,
सुदृढ़ करें हम नींव सहज ज्ञानार्जन द्वारा शिक्षा की।

ज्ञान प्राप्ति के लिए लगन से हमको नित पढ़ना होगा,
जिज्ञासा के भाव प्रबल अंतर मन में गढ़ना होगा।

स्वाध्यायात् प्रमदितव्यम् संग निडर हमें बढ़ना होगा,
लक्ष्य प्राप्ति के लिए स्वयं, सर्वोच्च शिखर चढ़ना होगा।

हो पाएगी तभी पूर्ति अपनी अभिलक्षित सदिच्छा की,
आओ बच्चों धीरज से हम चर्चा करें परीक्षा की।

गुरु बिन ज्ञान नहीं हो पाता इसका हमको ध्यान रहे,
मात्-पिता गुरुओं का अपने जीवन में सम्मान रहे।

तुम्हीं राष्ट्र के हो भविष्य सबको इसका संज्ञान रहे,
मातृभूमि के लिए यथोचित संकल्पों का गान रहे।

कल का काम आज निपटाएं अभिरुचि ना हो प्रतीक्षा की,
आओ बच्चों धीरज से हम चर्चा करें परीक्षा की।

अनुशासन, श्रद्धा, निष्ठा, आस्था का प्रबल सुयोग रहे,
विद्या का अभ्यास निरंतर अनुक्षण ज्ञान प्रयोग करें।

जननी, जन्मभूमि,निज भाषा के प्रति नित उद्योग करें,
हौआ नहीं परीक्षा कोई, निर्भय हो प्रतियोग करें।

हाथ लगेगी सदा सफलता आवश्यकता परिवीक्षा की,
आओ बच्चों धीरज से हम चर्चा करें परीक्षा की।

डॉ चित्रा चतुर्वेदी
टी.जी.टी. (हिंदी)
पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 आयुध निर्माणी कटनी, जबलपुर

39

वैज्ञानिक खोजगाथा

भारत के वैज्ञानिकों की कथा सुनाते हैं,
यश गान गाते हैं।
महामहोत्सव की बेला में
खोज बताते हैं,
इनकी खोज बताते हैं।
जय, जय महापर्व, अमृत महापर्व।

आर्यभट्ट को याद करें, जिसने हमें गणित सिखाई,
पाई की कीमत निश्चित की, और
शून्य की पद्धति सिखलाई।
रामानुज के गणित प्रेम की गाथा गाते हैं,
खोज बताते हैं
भारत के वैज्ञानिकों की कथा सुनाते हैं।
जय, जय महापर्व, अमृत महापर्व।

पक्षीज्ञानी सलीम अली ने अभ्यारण्य बनवाया,
जे.सी.बोस ने वायर लेस कम्यूनिकेशन सिखाया।
साराभाई के भौतिकि प्रेम की अलख जगाते हैं
खोज बताते हैं,
भारत के वैज्ञानिकों की कथा सुनाते हैं।
जय, जय महापर्व, अमृत महापर्व।

रमन प्रभाव की खोज रमन ने नोबल हमको दिलवाया,
भाभा ने परमाणु ऊर्जा के पिता का पद है पाया।
खुराना जी जीन कोड की विधा बताते है,
खोज बताते हैं
भारत के वैज्ञानिकों की कथा सुनाते हैं।
जय, जय महापर्व, अमृत महापर्व।

ऑटोमैटिक स्लुइस गेट विश्वैश्वरय्या ने बनाया
ब्लॉक इरगैशन सिस्टम से सबका परिचय करवाया
मिसाइल मैन के शस्त्र प्रेम की कथा सुनाते हैं
खोज बताते हैं
भारत के वैज्ञानिकों की कथा सुनाते है।
जय जय महापर्व, अमृत महापर्व

भारतीय महिला वैज्ञानिक ने देखो बाज़ी मारी,
सुनीता और कल्पना ने अंतरिक्ष यात्रायें कर डाली।
महिला चिकित्सक आनंदी बाई कथा सुनाते हैं
खोज बताते हैं
भारत के वैज्ञानिकों की कथा सुनाते हैं।
जय, जय महापर्व, अमृत महापर्व

इस पावन गाथा का मकसद तब ही पूरा होगा,
भारत का बच्चा-बच्चा जब इनकी तरह बनेगा।
आज़ादी के महापर्व पर कसम ये खायेंगे,
वै ज्ञानिक खोजयात्रा को आगे बढ़ायेंगे।
मिलकर आंगे बढ़ायेंगे।
जय, जय महापर्व, अमृत महापर्व

डॉ. सुनीता गुप्ता
टी.जी.टी. (विज्ञान)
केन्द्रीय विद्यालय जी.सी.एफ, जबलपुर

40

ज्ञान का दीप

ज्ञान का दीप जलाओ, अंधकार मिटाओ,
शिक्षा का प्रकाश फैलाओ, हर मन में ज्ञान बिखराओ।

अज्ञान की जंजीरों को तोड़ो, समझ का दरिया बहाओ,
संस्कृति और विज्ञान से, नए आयाम दिखाओ।

सत्य का अनुसरण करो, झूठ से न घबराओ,
ज्ञान की पगडंडी पर, हर पथिक को चलाओ।

शिक्षा से ही होता है, समाज का उत्थान,
ज्ञान ही देता है, जीवन को सही निदान।

अंधकार में प्रकाश की किरण, बनकर तुम आओ,
ज्ञान का दीप जलाओ, हर दिशा को रौशन कर जाओ।

शिक्षा है अनमोल रत्न, जीवन का ये गहना,
जिसने पाया शिक्षा को, उसने पाया सच्चा सोना।

ज्ञान का ये दीप जलाए, हर अंधियारा मिट जाए,
शिक्षा का संगम है ऐसा, जीवन नवल बनाए।

शिक्षा है शक्ति का भंडार, हर मुश्किल को हल करती,
बिन शिक्षा के जीवन में, हर राह अंधेरी लगती।

शिक्षा से खुलते द्वार, स्वप्नों की उड़ान हो पूरी,
बनती हैं सफल कहानियाँ, मिलती है हर मंजिल दूरी।

नारी हो या नर, शिक्षा सबका हक,
शिक्षा से ही बनता है, हर एक का जीवन चमक।

आओ मिलकर संकल्प लें, हर घर में शिक्षा हो,
ज्ञान का दीप जलाकर, हर मन को उजाला हो।

कमलेश जोशी
टी.जी.टी. (अंग्रेजी)
केन्द्रीय विद्यालय अजनी

41

योग

योग की माया बड़ी निराली।
मन को शांति देती मतवाली।
योग करके रोग भगाओ सभी।
बने योग से निरोगी सभी।
जनमानस के लिए क़ीमती धन।

आज से नहीं अभी से हो शुरू
बन जाएगी निर्मल काया
दूर हो जाएँगे रोग।
भारत वर्ष है उसकी जननी महती
आज हर देश में योग को स्वीकृति।

हर तरफ़ योग का गूंज जगाओ
सबका तन मन सभी चमकाओ।
दृढ़ संकल्प चित्त अपना लो
स्वीकारो प्राणायाम और योग।

जिसने योग के महत्व को जाना
उसने पाया स्वास्थ्य का ख़ज़ाना।
योग है बहुत गुणों की ख़ान
कैसे करें शब्दों में बखान?

शैलजा टी एच
पी.जी.टी. (हिंदी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, केल्ट्रॉन नगर

42

ऐसा भारत चाहिए

जहां सुखी इंसान हो
कोई न परेशान हो
सब के चेहरे पर
हर दम मुस्कान चाहिए
ऐसा भारत चाहिए, मुझे ऐसा भारत चाहिए।

भुखमरी न बेरोजगारी हो
जहां न कोई भिखारी हो
समानता का अधिकार हो
सब को न्याय चाहिए
ऐसा भारत चाहिए, मुझे ऐसा भारत चाहिए।

जाति- धर्म न बंधन हो
न मन में किसी के नफरत हो
मजदूर और किसान की
जय-जयकार होनी चाहिए
ऐसा भारत चाहिए, मुझे ऐसा भारत चाहिए।

शिक्षित हो जहां बच्चा -बच्चा
पक्का हो यहां रस्ता- रस्ता
चारों तरफ हरियाली
और विकास चाहिए
ऐसा भारत चाहिए, मुझे ऐसा भारत चाहिए।

खेल और विज्ञान में
नित्य नयी पहचान हो
नीले आसमान में सदैव
तिरंगा लहराना चाहिए
ऐसा भारत चाहिए, मुझे ऐसा भारत चाहिए।।

वीरपाल कौर
टी.जी.टी. (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 अमृतसर छावनी

43

जब भी स्कूल खुलता हैं

जब भी स्कूल खुलता हैं
जब भी स्कूल खुलता हैं।
जब भी,
कहीं भी,
कभी भी,
किसी भी दिशा में,
किसी भी समय में,
किसी भी पहर में,
किसी भी शहर मे,
किसी भी गांव में,
किसी भी भाव में।

जब भी स्कूल खुलता है।
तो खुलने लगती हैं,
अपार सम्भावनाएं,
मानवीय सम्वेदनाएं,
राष्ट्र की आशाएं,
नई, नई परिभाषाएं,
ज्ञान और विज्ञान की,
सीमाएं खुलने लगती हैं।

जब भी स्कूल खुलता है।
मिटती है दिग्गंत की निराशाएं,
नव चेतना का अंकुरण,
मूल्यों का संचरण,
शुद्धता का आचरण,
मुस्कुराता आवरण।
जब भी स्कूल खुलता है।

सुशील कुमार
पी.जी.टी. (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय, नाभा छावनी

44

सत्यपथ

डर मत ओ राही तू अकेला चलने से,
यह सत्य का पथ है, साथ मिलना कठिन है,

सुख का पता तेरे पास है,
गर सत्यता से तू खुद में खुद को खोज ले

न तू आगे देख न पीछे देख,
वर्तमान में सत्यता के साथ जीना सीख

सत्य का मार्ग जटिल है,
किन्तु किसी को भटकाता नहीं

सत्य ही वास्तविक संतोष है इंसान का,
यही सिखाता है जीवन में सदाचार

सत्य की राह से कभी भटकना नहीं,
एक दिन मंजिल तुझे मिलकर रहेगी

पाँव चाहें कितने भी हों झूठ के,
सुकून तो मिलेगा सत्य की छाँव में

सत्यपथ राही की मंजिल दूर होती नहीं,
बस लक्ष्य साधने को उसे रुकना होता नहीं

सत्य तो सच्चा परोपकार है,
धर्म की चादर ओढे इसका पूरा एक संसार है

निशु उपाध्याय
पुस्तकालयाध्यक्ष
केन्द्रीय विद्यालय, मथुरा छावनी

45

नारी

आज की आधुनिक नारी
कतरा-दर कतरा, जिन्दगी को संजोती नारी।
अपने आँचल में हौसलों का एहसास लिये
उम्मीदों का एक समंदर, संजोती नारी।

जीवन मरू में प्यार की सरिता बहाती
तिनका-तिनका कर अपना आसमां, रोशन करती नारी।
स्वयं के विश्वास के दम हौले-हौले बढ़ती
खुशनुमा जिन्दगी का एक कैनवास सजाती नारी।

बिखर जाती जो खुशियाँ बनकर
खुद को खुद का हमदम बनाती नारी।
उम्मीदों की सतरंगी किरणों से, स्वयं को रोशन करती
ज़माने को बदलने का एहसास जगाती नारी।

इनकी सूरत पर लिखी ज़माने की कहानी
समाज के सांस्कृतिक चेहरे का दर्पण होती नारी।
एक उन्मुक्त गगन की चाह में जीती
जीवन के विभिन्न आयामों में, स्वयं को पिरोती नारी।

स्वयं पुष्पित होती, औरों को पुष्पित करती
अपनी संवेदनाओं को अपना चरित्र बनाती नारी।
अपने हर एक कर्म को अपना धर्म समझती
संस्कृति और संस्कारों का परचम लहराती नारी।

आज की आधुनिक नारी
कतरा-दर कतरा जिन्दगी को संजोती नारी।
अपने आँचल में हौसलों का एहसास लिये
उम्मीदों का एक समंदर संजोती नारी।।

अनिल कुमार गुप्ता
पुस्तकालयाध्यक्ष
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, दप्पर

46

अपना केन्द्रीय विद्यालय

अपना केन्द्रीय विद्यालय सबसे प्यारा है।
यह तो सारे जग में सबसे न्यारा है।
यहाँ न कोई ऊँचा- नीचा
भाई-बहन सब अपनें हैं।
लिख-पढ़ कर सब देश बनाएँ
यही हम सब के सपने हैं।
इसमें बहती प्रेम की धारा है।

अपना केन्द्रीय विद्यालय सबसे प्यारा है।
क्यारी में सुन्दर फूल खिले हैं।
चारों तरफ साफ सफाई है।
यही बताते गुरुजन सारे हमको
इसमें छिपी भलाई है।
ज्ञान का मंदिर प्यारा है।
तभी तो अपना केन्द्रीय विद्यालय
हम सबको सबसे प्यारा है।

पढ़-लिखकर ऊँचा उठना है।
यही हम सब का सपना है।
तभी देश को मान मिलेगा
अपने केन्द्रीय विद्यालय को सम्मान मिलेगा
सभी करेंगे देश की रक्षा
तभी हमें सम्मान मिलेगा
ऊँचा संकल्प हमारा है।
तभी तो अपना केन्द्रीय विद्यालय सबसे प्यारा है।

यह तो सारे जग में सबसे न्यारा है।
सभी देशवासियों की आँखों का तारा है।
इसीलिए तो अपना केन्द्रीय विद्यालय सबसे प्यारा है।

अजय कुमार श्रीवास्तव
पी.जी.टी. (भूगोल)
केन्द्रीय विद्यालय कानपुर कैंट

47

एक महाप्रश्न और हल

जिन हाथों में, कलम किताबें, बस्ता, तख्ती होने थे,
उन हाथों में दिया हथौड़ा, किसने बोलो, किसने जी ?
किसने बोलो, किसने जी ?

जिन नयनों में सपन सलोने, हाथ खिलौने होने थे,
जिनकी झोंपड़ के आगे, महल कोठियां बौने थे,
उन क़दमों में पग-पग रोड़ा, डाला बोलो किसने जी ?
किसने बोलो, किसने जी ?

बालश्रम मिट पाए कैसे, पैसे जब भगवान हुए हैं,
हृदयहीन अब मानव हो गए, बुद्धिधर धनवान हुए हैं,
बिना मांस के हड्डी वाले, अब बच्चे आते पिसने जी,
उन हाथों में दिया हथौड़ा, किसने बोलो, किसने जी ?
किसने बोलो, किसने जी ?

चलो एक पोथी ले लें, कलम किताबें उनको दे दें,
जीवन से अंधियार मिटा दें, सारा हा-हाकार मिटा दें,
रोती आंखों को पोंछे हम, उनको भी दें हँसने जी,
उन हाथों से लिया हथौड़ा, हमने जी, हां हमने जी।
किसने बोलो, किसने जी ?
हमने जी भई हमने जी।

घनश्याम दास
टी.जी.टी. (अंग्रेजी)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2, रुड़की

48

जीवन हर पल

जीवन हर पल, हर क्षण स्वीकृति है,
स्वीकृति... स्वयं से वार्तालाप की,
और विचलन से निर्णय तक जाने की।

जीवन हर पल, हर क्षण कृति है,
कृति... विचारों में उत्कृष्टता की,
और हर संग्राम में आत्म-सम्मान की।

जीवन हर पल, हर क्षण संस्कृति है,
संस्कृति... भावनाओं की समझ की,
और संबंधों में निश्छलता के प्रयास की।

जीवन हर पल, हर क्षण प्रगति है,
प्रगति... हर दिन,हर रात की,
और कल से आज एक बेहतर शुरुआत की।

जीवन हर पल, हर क्षण चुनौती है,
चुनौती... क्षमताओं के संपूर्ण प्रयोजन की,
और मनुष्य के मनुष्यता निभाने की।

जीवन हर पल, हर क्षण अनुभूति है,
अनुभूति... कभी कम, कभी ज्यादा मुस्कराने की,
और रास्तों से मंजिल की ओर जाने की।

जीवन हर पल, हर क्षण शक्ति है,
शक्ति... कुछ बेहतर कर जाने की,
और किसी मोड़ पर ठहरकर, फिर आगे बढ़ जाने की।

शिखा शम्भरकर
उपप्राचार्या
केन्द्रीय विद्यालय अजनी

49

पीएम श्री योजना का स्वागत

पीएम श्री योजना का, केवीएस में स्वागत है,
नवीन शिक्षा का आगमन, हर छात्र का भाग्य जगत है।
स्मार्ट क्लास, डिजिटल साधन, बनेंगे पढ़ाई का आधार,
केन्द्रीय विद्यालयों में अब, ज्ञान की बहेगी नई बयार।।

प्रवेश से स्नातक तक, हर कदम पर मिलेगा मार्गदर्शन,
पीएम श्री योजना से, शिक्षा में आएगी नई क्रांति की बहार।
प्रशिक्षित शिक्षक, उच्च गुणवत्ता होगी, शिक्षा की पहचान,
केवीएस में हर बालक बनेगा, ज्ञान का सच्चा सपूत महान।।

खेल, कला, संगीत में भी, होगा बच्चों का पूर्ण विकास,
पीएम श्री योजना से, मिलेगा हर हुनर को नया प्रयास।
शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास, हर पहलू पर हो ध्यान,
केवीएस में अब होगा, हर बालक का सशक्त निर्माण।।

पर्यावरण संरक्षण का पाठ, हर छात्र को पढ़ाया जाएगा,
सौर ऊर्जा और जल संरक्षण, हर विद्यालय में सिखाया जाएगा।
हरा-भरा होगा हर परिसर, स्वच्छता का होगा अभियान,
पीएम श्री योजना से, बनेगा विद्यालय आदर्श स्थान।।

संस्कृति और परंपरा का हो, हर कक्षा में मान,
आधुनिकता संग मेल, हो शिक्षा का नया विधान।
राष्ट्र और समाज का हो, निर्माण में सहयोग,
पीएम श्री योजना से, बनेगा हर छात्र का संयोग।।

विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, हो हर कदम पर साहस,
पीएम श्री योजना से, हर प्रयास हो सफलतम प्रयास।
केन्द्रीय विद्यालयों में, शिक्षा का नया सवेरा,
पीएम श्री योजना से, हर सपना होगा पूरा।।

पीएम श्री योजना का, केवीएस में स्वागत है,
नवीन शिक्षा का आगमन, हर छात्र का भाग्य जगत है।
हर बालक का सपना अब, साकार हो जाएगा,
केवीएस के विद्यालयों में, नया अध्याय रचा जाएगा।।

महालक्ष्मी पाण्डेय
प्राचार्य
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 रीवा

50

ईमान है, तो है सब कुछ

ईमान से भरा हो अपना मन,
चले हरदम मर्जी से ही अपने।
आते हों भले मौसम लुभावने,
प्रलोभन की शक्ति आजमाने।
देख ऐसे मायाजाल जो बिखरे,
लालच का अहसास न छू ले।
कि ईमान है, तो है सब कुछ।

मानव है, हो सकती गलती,
किंकर्तव्यविमूढ़ता की स्थिति।
न गिरे, न हिले, चट्टान जैसे,
ईमान कभी न डगमग होवे।
जब नापे आधे औने-पौने,
बस ईमान ही सच्चा लागे।
कि ईमान है,तो है सब कुछ।

आखिर है क्या, इस ईमान में,
साथ जिसके ही हों सदा हम।
हो संतुष्टि और गर्व स्वयं पर,
आगे इसके सारे सुख बेदम।
और कोई न देखे, न जाने,
साखी ईशतुल्य अंतस् मन।
कि ईमान है,तो है सब कुछ।

मनीष कुमार गुप्ता
पी.जी.टी. (सीएस)
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.2 सागर

51

चिन्तन की सरगम

ये चिन्तन की ही सरगम है, जो जीवन की रवानी है।
यही सुख-दुख का कारण है, यही सम्पूर्ण कहानी है।
सदा चिन्तन ही कारण है, निवारण भी है सुख-दुख का
धड़कता मन जहां जितना, वही है सबब जीवन का।।

सदा वहीं चाहे मन रहना जहाँ प्रेरक नजारा हो,
तरंगित कर स्फूर्तिदायक ही पावन चिन्तन-धारा हो।
लेशभर भी न उलझे मन वैर-नफरत बुराई में
सकारात्मक आशावादी, भरी ऊर्जा हो नस-नस में।।

सोच अनमोल धन-वैभव, कहां कोई याद रखता है?
सोच से स्वास्थ्य, बल-बुद्धि, मगर कोई ध्यान न रखता है।
क्षणिक सुख-लालसा का व्यर्थ क्यों, मन! चिन्तन करता है?
सोच बदले तो कण-कण ही, सदा आनंद बरसता है।।

हर एक पल आनंद-वृष्टि हो, प्रफुल्लित पुलकित तन-मन हो
सदा मंगल-ध्वनि गूंजे, सोच सुन्दर हो मनोरम हो
विलक्षण शौर्य और सामर्थ्य, पर ही गर्व हो सबको
उमंग-आशा का ही संदेश दे, यह चिन्तन हम सबको।।

डॉ. केशव देव
पी.जी.टी. (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय रिओना उच्चा, फतेहगढ़ साहिब

52

टूटकर आकाश में

टूटकर आकाश में,
बिखरा कोई फिर दीर्घ तारा।
भरभराकर गिर पडा,
ऊंचा कोई पर्वत सिधारा।

इस जगत में, जाने कितने,
गहन सागर पट गए हैं।
अंगदी पद अडिगतम भी,
काल के वश, हट गए हैं।

जो कभी राई नहीं था,
वह हिमालय से बड़ा है।
फिर उसी की चोटियों पर,
सबल मानव ही चढ़ा है।

जो चढ़ा है, चोटियों पर,
वह पुनः भूतल पे आता।
तब कहीं अनुभव भरा हो,
कथ्य जीभर है सुनाता।

अंत के एकांत में फिर,
दीर्घ सांसे छोडता है।
निठुर चक्कर काल का है,
जोड़ता, फिर तोड़ता है।

आखिरी इस मोड़ पर भी,
आस के किसलय गमले हैं,
सांझ का सच जानकर भी,
फूल यह देखो खिले हैं।

आलोक कुमार
पी.जी.टी. (अंग्रेजी)
केन्द्रीय विद्यालय बी.एस.एफ. बांदीपुर

53

कल भी सूरज निकलेगा

जब रात की कालिमा चीर कर
अगले दिन सूरज उगता है
नव दिवस, नई चेतना
नव आयाम दमकता है।

पूर्व भोर की वेदना दर्दनाक
चाहे दोपहर की व्यथा वृहत
संध्या का संकट पीड़ायुक्त
पर नव-दिन आगमन निश्चित!

असफल परीक्षा में हो गए निराश?
मिला नहीं- तो परित्याग तलाश?
जीवन ही अनमोल धरोहर
जीना ही तो परम प्रकाश!

संभावनाओं का सागर है जीवन
विकल्पों का भण्डार भी है
आशाओं की नगरी है ये
उपलब्धियों का दरबार भी है

असफल आज, तो कल सफल
निरुत्तर आज, कल मिलेगा हल
मार्ग नही अब, भविष्य शायद राजपथ
हताश न हो तो कल निश्चित समर्थ

रहोगे जीवित तो सकोगे जीत
वीराने में भी मिलते मीत
फिर जोश भरो, फिर करो हिम्मत
दृढ़ निश्चय तेरा, तेरी ताक़त।

जब कष्ट का आवरण त्याग कर
अगले दिन फिर कोई जूझता है
नव आस, नई विश्वास, नव श्वास
नव साहस से चमकता है।

पुष्पा शर्मा
प्राचार्य
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय धर्मशाला छावनी

54

यह पल गुजरेगा, गुजरना ही है

यह पल गुजरेगा,
गुजरना- ही- है,
जिन्दगी अभी तुझे,
संवरना - भी- है,
हवा -की- सुनहरी,
लाली -लिपस्टिक,
बहना –है- थोड़ा,
ठहरना – भी- है,
यह पल गुजरेगा,
गुजरना- ही- है,
जिन्दगी अभी तुझे,
